Regarding Need to establish Eklavya Model Residential School in Ramgarh Block, Palamu district, Jharkhand-Laid

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** मैं सरकार का ध्यान झारखंड राज्य के पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) की स्थापना की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । विदित है कि रामगढ़ प्रखंड की कुल जनसंख्या में लगभग 49.9 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति समुदाय की है । यह क्षेत्र मुख्यतः आदिवासी बहुल्य है, परन्तु यहाँ गुणवत्तापूर्ण और आवासीय शिक्षा सुविधाओं का अभाव है । इसके कारण आदिवासी बच्चों, विशेषकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे विद्यालय छोड़ने की दर भी अधिक बनी हुई है । केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक अवसंरचना, आवासीय सुविधा, समग्र विकास तथा बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करना है । यदि रामगढ़ प्रखंड में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना की जाती है, तो इससे न केवल आदिवासी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी, बल्कि यह क्षेत्र के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । अतः, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि रामगढ़ प्रखंड, पलामू (झारखंड) में एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्वीकृति और स्थापना हेतु आवश्यक कदम शीघ्र उठाने की कृपा की जाए ।